# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 678 /MSU/2026–27 दिनांक: 16/09/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषय :– प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या–920/सत्तर–3–2026–2091267, दिनांक 16.09.2026 एवं मुख्य सचिव, नियोजन अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के संख्या–37/35–3/2026/नियोजन अनुभाग–3 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (दिनांक 17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देश के क्रम में 07 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

उक्त पत्र के बिन्दु संख्या–1 के अनुपालन में दिनांक 17.09.2026 को प्रत्येक महाविद्यालय, समस्त राज्य विश्वविद्यालय एवं समस्त निजी विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण भवनों/मुख्य स्थानों पर सायंकाल 07:00 बजे 50–50 अथवा 20–20 की संख्या में दीपक प्रज्जवलित करने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः आपसे अपेक्षा है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय में दिनांक 17.09.2026 को दीया प्रज्वलित करते हुये जियों टैंग फोटो तथा विडियो क्लिप तैयार कर विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित गूगल फार्म पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिससे की उक्त सूचना से शासन को ससमय अवगत कराया जा सके।

विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित गूगल फार्म का विवरण निम्नवत् है :–

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdCaGEhpOj93xd1Ov-fZAFCHC_1_PipD_2_CaTPvf8Jv-yC0A/viewform?usp=header

16-9-26

(कमल कृष्ण)
कुलसचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

01. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. मुख्य सचिव, नियोजन अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
03. संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
04. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

सहायक कुलसचिव
(प्रशासन)